卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 209 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦6 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## मकान की छत पर गिरी कार, चालक की मौत

**चौबटिया के पास तड़के हुआ हादसा, तेज धमाके से परिवार के लोगों में मचा हड़कम्प**

अल्मोड़ा। जिले में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक अनियंत्रित कार सीधे मकान की छत पर जा गिरी, जिससे चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बुधवार तड़के करीब 3:15 बजे रानीखेत तहसील क्षेत्र के चौबटिया के पास देहोली गांव में हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार वैगनआर कार संख्या यूके 02 टीए 3159 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 20 मीटर नीचे जा गिरी और लाल सिंह के मकान की छत पर जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि



मकान की छत को भी भारी नुकसान पहुंचा। घटना के समय मकान के अंदर सो रहे परिवार के लोग तेज धमाके से घबरा उठे और उन्हें लगा कि बारिश के चलते कोई प्राकृतिक आपदा या पहाड़ टूट गया है। जब परिवार के सदस्य घबराकर बाहर निकले तो उन्होंने अपनी ही छत पर कार को पलटा हुआ देखा, जिसे देख सभी के होश उड़ गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए और (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरा ट्रक, चालक की मौत

मसूरी। देहरादून मसूरी मार्ग पर बुधवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में राशन और कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक गहरी खाई में जा गिरा, जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई और राहत बचाव के लिए पुलिस, एसडीआरएफ व फायर सर्विस की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5:30 बजे मसूरी झील से लगभग 200 मीटर आगे देहरादून की ओर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक में कोल्ड ड्रिंक, तेल (शेष पृष्ठ सात पर)

## डंपर ने श्रमिक को कुचला गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी के कांवली रोड क्षेत्र में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने हिंसक विरोध का रूप ले लिया। यहाँ एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बिहार निवासी एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से गुस्साए लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर जोरदार प्रदर्शन किया और शव को उठाने से रोक दिया, जिससे क्षेत्र में घंटों भारी तनाव बना रहा।मृतक की पहचान 45 वर्षीय सकल देव साहनी, निवासी सीतामढ़ी (बिहार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सकल देव मजदूरी के लिए देहरादून आया था और कांवली गांव में अपने साथियों के साथ रहता था। बुधवार सुबह वह अन्य मजदूरों के साथ काम की तलाश में लेबर चौक की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित डंपर ने उसे रौंद दिया, (शेष पृष्ठ सात पर)



## सरपंच के पुत्र ने जहर खाकर दी जान

**मरने से पहले वीडियो में दोस्त पर प्रताड़ना और मारपीट के लगाए आरोप**

हल्द्वानी। कालाढूंगी थाना क्षेत्र के कोटाबाग में सट्टे की लत के चलते एक किशोर द्वारा जहर खाकर आत्महत्या



करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक के साथ ही आक्रोश का माहौल बना हुआ है। मृतक ने मौत से ठीक पहले एक वीडियो में अपने दोस्त पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय जगदीश पुत्र धन सिंह बिष्ट निवासी कोटाबाग ने कथित रूप से सट्टे में रुपये हारने के बाद जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता धन सिंह बिष्ट थपलिया गजा के सरपंच हैं। घटना से पहले परिजनों द्वारा बनाया गया एक वीडियो सामने आया है, जिसमें जगदीश अपने दोस्त अभय गुप्ता पर रुपये के लेनदेन को लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

**REQUIREMENT**

**Qualified Teachers are required for class I to VIII.**
**Proficient in Maths, Science and English.**
Note: Accountant is needed who is proficient in A/c work as well udsise work
**Walk in interview on 7th May, 2026**
**Timing 9:00 AM to 11:00 AM**
**Contact Mob. 8755236638**

## आवारा पशु से टकराकर गिरे बाइक सवार को ट्रक ने रौंदा, दर्दनाक मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड एनएच 74 हाईवे पर धौलपुर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार



युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। बाइक सवार सड़क पर घूम रहे आवारा पशु से टकराकर गिर गया था, तभी पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने उसे



रौंद दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक ग्राम अलखदेवा निवासी 39 वर्षीय परविंदर सिंह उर्फ पिन्दर पुत्र रंजीत सिंह रुद्रपुर स्थित आस्था इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में कार्य करता था। मंगलवार रात करीब सवा दस बजे वह रोजाना की तरह बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह धौलपुर के पास पहुंचा, अचानक रास्ते में एक आवारा पशु आ गया जिससे टकराकर उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर जा गिरा। इसी बीच (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल, कई निरीक्षक और उपनिरीक्षकों के तबादले

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में



बड़े पैमाने पर फेरबदल किया है। इस दौरान निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।जारी आदेश के अनुसार उपनिरीक्षक मनोज कुमार को प्रभारी चौकी जयनगर से प्रभारी चौकी पावर हाउस, हेमंत नेगी को पुलिस लाइन रुद्रपुर से प्रभारी चौकी सिरौलीकला, पंकज कुमार को कोतवाली आईटीआई से प्रभारी चौकी रम्पुरा, देवेंद्र सिंह मेहता को प्रभारी चौकी बारसोखान से प्रभारी चौकी बागवाला, मेघा शर्मा को पुलिस लाइन रुद्रपुर से प्रभारी चौकी गुलरभोज, राकेश राय को पुलिस कार्यालय से प्रभारी (शेष पृष्ठ सात पर)

## राजस्व विभाग के खिलाफ उप तहसील में बेमियादी धरना शुरू

नानकमत्ता। ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी का नामांकन अतिक्रमण के आरोप में निरस्त होने और उत्पीड़न से आक्रोशित प्रत्याशी और ग्रामीणों ने राजस्व विभाग के



खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उप तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। धरने पर बैठे लोगों ने अधिकारियों पर फर्जी अतिक्रमण दर्शाकर उत्पीड़न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता विजेंद्र सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह का कहना है कि पूर्व में चुनाव के दौरान उन्हें रोकने के उद्देश्य से राजनीतिक विरोधियों ने राजस्व अधिकारियों के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## उद्यमी अनूप अग्रवाल पर साढ़े बारह करोड़ की ठगी का केस दर्ज

काशीपुर। उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक की शाखा से लिए गए साढ़े बारह करोड़ रुपये के ऋण में कथित गड़बड़ी और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बैंक के शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने उद्यमी अनूप अग्रवाल, उनकी पत्नी रेनु अग्रवाल और पुत्र अमोल अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।डिजाइन सेंटर, मुरादाबाद रोड स्थित उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि. के शाखा प्रबंधक मनोज सिंह बिष्ट ने कोतवाली काशीपुर में दी तहरीर में बताया कि मै. आरके अग्रवाल इंडस्ट्रीज लि. के डायरेक्टर अनूप कुमार अग्रवाल पुत्र केशव शरण अग्रवाल, निवासी आरके पुरम मानपुर रोड व हॉल रोज डेल कॉलोनी अलीगंज रोड, ने 11 जनवरी 2016 को बैंक से 12 करोड़ 50 लाख रुपये का ऋण लिया था। समय के साथ यह ऋण खाता एनपीए घोषित हो गया और वर्तमान में बैंक का कुल बकाया बढ़कर 13 करोड़ 92 लाख 87 हजार 981 रुपये हो गया है, जिसमें ब्याज भी शामिल है।तहरीर में आरोप लगाया गया है कि बैंक द्वारा बकाया वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत नोटिस जारी किए गए, लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखंड भारत का सबसे पवित्र स्थान: उमा भारती

**रामनगर पहुंचीं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

रामनगर। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और प्रखर हिंदुत्ववादी नेता उमा भारती ने उत्तराखंड के प्रति अपने गहरे लगाव को व्यक्त करते हुए इसे भारत का सबसे पवित्र स्थान बताया है। रामनगर पहुंचने पर उन्होंने विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी



और प्रदेश की आध्यात्मिक महत्ता पर जोर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड उनके दिल में बसता है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यदि पिछले जन्म में उन्होंने और अधिक पुण्य किए होते, तो उनका जन्म इसी देवभूमि पर होता। हिमालय और यहां के तीर्थ स्थलों की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे देश की सुरक्षा और आध्यात्म का केंद्र बताया। अपने संबोधन में उमा भारती ने देश की सुरक्षा और जनसंख्या असंतुलन जैसे गंभीर विषयों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में पहले सुरक्षात्मक चुनौतियां और जन सांख्यिकीय समस्याएं थीं, वहां भाजपा सरकार बनने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## कल्याणी नदी किनारे अवैध निर्माण किया ध्वस्त

रूद्रपुर। नगर निगम की टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान आज भी जारी रहा। आज निगम की टीम द्वारा मौहल्ला खेड़ा में एक व्यक्ति द्वारा कल्याणी नदी के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाये जा रहे भवन के गेट को ध्वस्त कर दिया गया और अतिक्रमणकारी को भविष्य में पुन: अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी। जानकारी के अनुसार निगम अधिकारियों को सूचना प्राप्त हुई कि मौहल्ला खेड़ा में एक व्यक्ति द्वारा कल्याणी नदी के किनारे अवैध निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर



निगम के अधिकारी मनोज व शुभम दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कराये जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उनका कहना था कि करीब एक माह पूर्व भी अतिक्रमणकारी को नोटिस देकर निर्माण कार्य न करने की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके निर्माण कार्य लगातार जारी रहा। उनका कहना था कि नदी के दोनों ओर 30- 30 मीटर में बने सभी अवैध निर्माण हटाये जाने हैं ताकि कल्याणी नदी की बेहतर सफाई कराकर इसे नदी का रूप दिया जा सके और हर वर्ष नदी में आने वाली बाढ़ से लोगों की रक्षा की जा सके। लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

# हिमाद्रि आइस रिंक की वर्षगांठ पर धामी ने खेल ढांचे को दी नई रफ्तार

## अंतरराष्ट्रीय स्तर की आइस रिंक को बताया देश की शान, आठ शहरों में 23 खेल अकादमियों की घोषणा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित हिमाद्रि आइस रिंक के जीर्णोद्धार की प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने स्थापित इस आइस रिंक में साउथ एशियन विंटर गेम्स का आयोजन हुआ था, लेकिन बाद में रखरखाव के अभाव में इसे बंद करना पड़ा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इसे पुनर्जीवित करने का संकल्प लेते हुए लगभग साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से इसका नेशनल आइस स्केटिंग चौंपियनशिप, एशियन ट्रॉफी, राष्ट्रीय आइस हॉकी लीग और महिला व बालक वर्ग की राष्ट्रीय टीमों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं। वर्तमान में भी विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं।उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने का अवसर मिला।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में आइस स्केटिंग और आइस हॉकी के प्रति बढ़ते आकर्षण के चलते भारत शीतकालीन खेलों में मजबूत शक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया।मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में विश्वस्तरीय खेल अवसंरचना के विकास के तहत शीघ्र ही आठ शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना के लिए स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू किया को सरकारी नौकरी का प्रावधान किया गया है।मुख्यमंत्री ने खेल मंत्री रेखा आर्य को निर्देश दिए कि खिलाड़ियों से जुड़ी योजनाओं और प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने बताया कि आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों में खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण, खेल छात्रवृत्ति








उत्तराखंड आइस हॉकी टीम की जर्सी और पे एंड प्ले पोर्टल का विमोचन भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाद्रि आइस रिंक भारत की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा है, जो न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय संसाधन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 में जीर्णोद्धार कराया और पुन: खिलाड़ियों को समर्पित किया। साथ ही इसके संचालन के लिए एक मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित कर हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया गया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक प्रयासों के चलते यह आइस रिंक एक बार फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का केंद्र बन चुकी है। बीते एक वर्ष में यहां भारतीय आइस हॉकी टीम का प्रशिक्षण शिविर भी यहीं आयोजित हुआ और पिछले वर्ष अगस्त में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी की सफल मेजबानी की गई, जिसमें एशिया के 11 देशों के 200 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भी इस इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियानों से खेल संस्कृति को बढ़ावा मिला है और भारत वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद प्रदेश को देवभूमि के साथ खेलभूमि के रूप में भी नई पहचान मिली है। इन जाएगा, जिसके माध्यम से हर वर्ष 920 एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों तथा मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना और खेल किट योजना जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष सचिव अमित सिन्हा, खेल विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# गदरपुर बाईपास पर जल्द लगेंगी स्ट्रीट लाइट

## भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की पहल पर एनएचएआई ने शुरू की कार्रवाई

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर बाईपास पर लंबे समय से बनी अंधेरे की समस्या अब जल्द दूर होने वाली है। रात के समय हो रही दुर्घटनाओं और राहगीरों की परेशानी को देखते हुए स्ट्रीट लाइट लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की पहल पर यह कार्रवाई आगे बढ़ी है। गुंजन सुखीजा ने 5 मई 2026 को सांसद अजय भट्ट को पत्र लिखकर बाईपास पर प्रकाश व्यवस्था की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया था। उन्होंने पत्र में बताया कि बाईपास बनने से शहर में यातायात का दबाव तो कम हुआ है, लेकिन पर्याप्त रोशनी न होने के कारण रात में वाहन चालकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सांसद अजय भट्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद परियोजना कार्यान्वयन इकाई रुद्रपुर द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत यांत्रिक लोक



निर्माण विभाग बाजपुर को पत्र जारी कर बाईपास पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्राक्कलन तैयार करने को कहा गया है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 74 के काशीपुर से सितारगंज खंड पर चार लेन चौड़ीकरण कार्य पूरा हो चुका है और अधिकांश हिस्सों में स्ट्रीट लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। हालांकि गदरपुर बाईपास क्षेत्र इस दायरे में शामिल नहीं था। अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की मांग को देखते हुए करीब 8.4 किलोमीटर लंबे इस बाईपास पर अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाना आवश्यक माना गया है। एनएचएआई ने लोक निर्माण विभाग से आईआरसी मानकों के अनुसार प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र भेजने को कहा है, ताकि स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके। विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार होते ही धनराशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। गुंजन सुखीजा ने कहा कि बाईपास पर प्रकाश व्यवस्था न होने से क्षेत्रवासी लंबे समय से परेशान थे। उन्होंने विश्वास जताया कि सांसद अजय भट्ट के सहयोग से अब यह समस्या जल्द ही हल हो जाएगी। स्ट्रीट लाइट लगने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और रात के समय आवागमन अधिक सुरक्षित हो सकेगा। बताया गया है कि इस संबंध में जारी पत्र की प्रतिलिपि क्षेत्रीय अधिकारी देहरादून, जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर, रेजीडेंट इंजीनियर और संबंधित निर्माण एजेंसी को भी भेजी गई है, जिससे कार्य में तेजी लाई जा सके।

# झालमुड़ी बांटकर मनाई जीत की खुशी

रुद्रपुर । पश्चिम बंगाल सहित तीन राज्यों में भाजपा को मिली शानदार जीत पर बंगाली समाज के लोगों ने महापौर विकास शर्मा के निवास पर पहुंचकर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान समाज के लोगों ने जीत की खुशी में एक-दूसरे को झालमुड़ी बांटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर संजय नगर खेड़ा से आए बंगाली समाज के लोगों ने महापौर को क्षेत्र की सड़क सहित अन्य जन समस्याओं के समाधान हेतु एक ज्ञापन भी सौंपा जिस पर महापौर ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि बंगाली समाज भाजपा का अभिन्न अंग है। पश्चिम



बंगाल की जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर पार्टी में जो आस्था व्यक्त की है उससे संगठन राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों के जो चुनाव परिणाम आए हैं उनके भविष्य में सुखद और सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि मानवेंद्र राय, पार्षद चिराग कालरा, पार्षद पवन राणा, पार्षद एमपी मौर्य, पार्षद दर्शन कोली, मुकेश मंडल, श्रीमती सीता मल्लिक, श्री विधान मंडल, अजीत गाईन अंजली सरदार, श्रीमती तारा मंडल,श्रीमती मीना सिखदर, देव सरदार, पंकज, निखिल, तपन, अमल, विमल गाईन आदि मौजूद रहे

# आवारा पशु से हादसे में युवक की मौत पर फूटा गुस्सा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। निराश्रित गौवंशीय पशु के कारण हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत के बाद क्षेत्र में शोक के साथ ही आक्रोश का माहौल बन गया। ग्राम अलखदेवा निवासी 35 वर्षीय परविंदर सिंह उर्फ पिंदर मक्कड़, जो आस्था इलेक्ट्रॉनिक में हैवेल्स लॉयड कंपनी में कार्यरत थे, की बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे में जान चली गई। बताया गया कि निराश्रित गौवंश से टक्कर के बाद वह हाईवे से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनका क्षत विक्षत शव पड़े होने से बड़ी संख्या में लोग देर रात मौके पर एकत्र हो गए। बाद में बुजुर्गों के समझाने और पुलिस द्वारा पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद यातायात सामान्य हो



सका। घटना के बाद सामाजिक कार्यकर्ता सुशील गाबा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान क्षेत्र के युवाओं ने निराश्रित पशुओं के कारण लगातार हो रही दुर्घटनाओं और मौतों पर गहरा रोष व्यक्त किया और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन जहां कागजात दिखाने में थोड़ी देरी होने पर वाहन सीज कर देता है, वहीं इस तरह की घटनाओं में हो रही मौतों पर संवेदनशीलता नहीं दिखाता। समाजसेवी जगदीश तनेजा ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही राष्ट्रीय राजमार्गों और लिंक मार्गों से निराश्रित पशुओं की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आरटीओ और एनएचएआई अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इस दौरान मंजीत सिंह मक्कड़, जगदीश तनेजा, हैप्पी रंधावा, सचिन मुंजाल, मोनू निषाद, जावेद अख्तर, रणजीत सिंह, सुखविंदर सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह कालड़ा, जिगर रंधावा, हरविंदर सिंह, नारायण पाठक, अंकित चंद्रा, शेरी, अमित गोयल, किशोर रस्तोगी, रोहित अरोड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लालकुआं नगर पंचायत के कार्यों में अनियमितताओं की जांच के आदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर पंचायत लालकुआं के विभिन्न कार्यों में संभावित वित्तीय और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं की शिकायतों पर जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने जांच के आदेश जारी किए हैं। मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के लिए नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को जांच अधिकारी नामित किया गया है।प्राप्त शिकायतों में डस्टबिन की खरीद में लगभग तीन लाख रुपये की लागत से बिना विधिवत निविदा प्रक्रिया अपनाए खरीद किए जाने का मामला सामने आया है। इसके अलावा नगर के विभिन्न वार्डों में करीब पांच वर्ष पूर्व निर्मित शौचालयों को ध्वस्त कर दोबारा निर्माण कराए जाने, छठ पूजा स्थल पर कराए गए पुनर्निर्माण कार्य की आवश्यकता और औचित्य पर भी सवाल उठाए गए हैं।वित्तीय वर्ष 2025 26 के दौरान शीतकाल में अलाव के लिए लकड़ी की असामान्य खपत और उससे संबंधित भुगतान प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और वैधता भी जांच के दायरे में शामिल की गई है।जिलाधिकारी ने जांच अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे संबंधित अभिलेखों जैसे टेंडर, स्वीकृति, भुगतान और मापन पुस्तिकाओं का गहन परीक्षण करें। साथ ही कार्यों का भौतिक सत्यापन कराते हुए वित्तीय नियमों और शासनादेशों के अनुपालन की विस्तृत जांच सुनिश्चित करें।

# बालाजी दरबार में भजनों की धूम, श्रद्धालुओं ने किया गुणगान

रूद्रपुर। ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार के अवसर पर गल्ला मंडी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिला। श्री बालाजी दरबार में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से भगवान बालाजी महाराज का गुणगान किया और वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पंडित सुरेंद्र पाल शर्मा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के साथ हुई। इसके पश्चात भजन-कीर्तन का मनमोहक कार्यक्रम आरंभ हुआ, जिसमें विभिन्न कलाकारों और भक्तों ने अपने भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। इस अवसर पर बाबा भक्त गगन वाधवा ने कहा कि श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में सच्चे मन से की गई हर प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को लगने वाले श्री बालाजी दरबार में श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी अर्जी बाबा के चरणों में लगाते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और मंदिर परिसर जयकारों से गूंजता रहा। इस अवसर पर मंदिर समिति के गुलशन नारंग, गगन वाधवा, प्रमोद मित्तल, मनोज अरोड़ा, अक्षय नारंग, सर्वेश मौर्य, विनीत जैन, प्रिंस, अमन चावला, सौरभ गाबा, अशोक सक्सेना, राजू पाल, रजनीश यादव, अशोक राजपूत, जतिन नागपाल, अजय फुटेला, किशन लाल अरोड़ा, बिट्टू अग्रवाल, संजय गर्ग, शिवांश अग्रवाल, मनीष शर्मा, प्रियांशु यादव, आनंद भास्कर ,श्रीमती रितु वाधवा, अनु वाधवा, अनु अरोड़ा, सीमा फुटेला, दिव्या मित्तल, रश्मि जैन, अंजू सक्सेना, दीप्ति वर्मा, शिवांगी गर्ग, ज्योति गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु थे।








# चेली भूली छात्रवृत्ति से 78 मेधावी छात्राओं को सम्मान

## नैनीताल बैंक ने एंबुलेंस भी भेंट की, हाईस्कूल और इंटर की छात्राओं को दी गई आर्थिक सहायता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल बैंक द्वारा वर्ष 2025 26 की चेली भूली छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुमाऊं मंडल की 78 मेधावी छात्राओं को एमबी डिग्री कॉलेज के सभागार में प्रबंध निदेशक सुशील कुमार लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में हाईस्कूल के मेधावी छात्र अक्षत गोपाल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि इंटर की मेधावी गया। अपने संबोधन में कुमाऊं आयुक्त और सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि उनमें सीखने की तीव्र इच्छा और जिज्ञासा है तो वे जीवन में कोई भी जुनून और सामाजिक योगदान को सफलता का आधार बताया और कहा कि करियर केवल आजीविका नहीं बल्कि व्यक्तिगत संतुष्टि और समाज सेवा का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने ने जानकारी दी कि बैंक द्वारा 39 हाईस्कूल की प्रत्येक मेधावी छात्रा को 20 हजार रुपये तथा 39 इंटर की प्रत्येक मेधावी छात्रा को 39 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। एमबी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एन एस बनकोटी, नैनीताल बैंक के सीएफओ महेश कुमार गोयल, रीजनल हेड राहुल प्रधान, डीआरएम नैनीताल मनोज डालाकोटी,







आयोजित कार्यक्रम में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर अल्मोड़ा जिला चिकित्सालय को एक नई एंबुलेंस भी भेंट की गई, जिसे आयुक्त और सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत तथा छात्राएं कुमारी सुशीला और दीपिका ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन छात्राओं को 5100 5100 रुपये की धनराशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया लक्ष्य हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि छात्राएं अपने करियर का चयन अपनी रुचि के अनुसार करें और यह सोचें कि वे समाज को क्या बेहतर दे सकती हैं। उन्होंने आत्म जागरूकता, नैनीताल बैंक द्वारा मेधावी छात्राओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुशील कुमार लाल उन्होंने कहा कि बैंक समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और चेली भूली योजना के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना उसकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में डीआरएम अल्मोड़ा डी एस कठायत, राहुल साह, हर्षवर्धन साह, मयंक थपलियाल, चन्द्रशेखर कन्याल सहित कुमाऊं मंडल की मेधावी छात्राएं और उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आरएएन में आत्मरक्षा प्रशिक्षण से छात्रों में बढ़ा आत्मविश्वास और साहस

बिलासपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए एक विशेष आत्मरक्षा एवं कलारीपयट्टु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अश्विनी फाइटर्स अकादमी के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मोहित राय एवं स्कूल की संचालिका मेघना गुप्ते की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस सत्र में कक्षा चार एवं पाँच के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध प्रशिक्षक मास्टर कोच अश्विनी बघेल द्वारा किया गया।



उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण कौशल सिखाए तथा विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वयं की सुरक्षा, शारीरिक शक्ति एवं एकाग्रता बढ़ाने के उपाय तथा आत्मविश्वास एवं साहस विकसित करने की प्रेरणा दी गई। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ गतिविधियों में भाग लिया। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नगर निगम ने 13 स्थानों पर लगाए प्याऊ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए राहगीरो के लिए पानी की व्यवस्था किये जाने हेतु शहर के 13 स्थानों पर 9 अस्थायी तथा 4 स्थायी प्याऊ की व्यवस्था कर चालू कर दिया गया है। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने बताया कि अस्थाई प्याऊ जिन स्थानों पर लगाए गए है उनमें काठगोदाम चौराहा, तिकोनिया चौराहा, ताज चौराहा, पटेल चौक, सिंधी चौराहा, टेंपो स्टैंड मंगल पड़ाव, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के




पास, बाजपुर बस अड्डा, कुसुखेड़ा चौराहा, शामिल हैं। जबकि 4 स्थायी प्याऊ टैक्सी स्टैंड, तहसील, के एम ओ यू स्टैंड, एवं नगर निगम में लगाए गए है। उन्होंने बताया कि जनहित में निगम द्वारा भविष्य में भी कार्य कराए जाते रहेंगे।

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने किया जोरदार विरोध, लौटना पड़ा वापस

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को ब्लॉक के ग्राम शक्तिनगर में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची बिजली विभाग की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा, जिसके चलते टीम को बिना कार्य किए वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड पावर कारपोरेशन द्वारा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों में इसे लेकर नाराजगी बनी हुई है। मंगलवार को जैसे ही विभागीय टीम शक्तिनगर में मीटर लगाने पहुंची, स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए टीम को घेर लिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत रावत भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर स्मार्ट मीटर का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से आम जनता परेशान है और स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त



आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद लोगों के बिजली बिल हजारों से लाखों रुपये तक आ रहे हैं और विभाग 21 दिन के अंतराल में बिल जारी कर रहा है, जिससे एक वर्ष में 12 के बजाय 15 बिल उपभोक्ताओं को मिल रहे हैं। इसके साथ ही फिक्स चार्ज के नाम पर जबरन वसूली किए जाने का भी आरोप लगाया गया, जिसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है। पूर्व विधायक ने यह भी कहा कि यदि विभाग को व्यवस्था में सुधार करना है तो बिजली के जर्जर तारों और खंभों को पहले दुरुस्त किया जाना चाहिए, जो कई स्थानों पर लोगों के घरों के ऊपर से गुजर रहे हैं और खतरा बने हुए हैं। विरोध के चलते विभागीय टीम को मौके से वापस लौटना पड़ा। वहीं प्रशासन और विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान जारी रहेगा और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का गदरपुर में शुभारम्भ

गदरपुर। वार्ड संख्या 3 स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में भारत सरकार के एनआईईएसबीयूडी द्वारा आयोजित 9 दिवसीय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर मिन्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, युवाओं और नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर ने योजना के उद्देश्यों और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आमजन को सस्ती, स्वच्छ और सतत ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से न केवल लोगों के बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।कार्यक्रम



के दौरान उपस्थित लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार इस योजना के तहत सोलर ऊर्जा को अपनाकर घरेलू बिजली की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है और आर्थिक रूप से भी लाभान्वित हुआ जा सकता है। युवाओं में इस योजना को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी दिखाई।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सभासद सचिन गुप्ता, रमन छाबड़ा, मुकेश चावला, सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा, इदरीस पाशा एवं विशद अरोरा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी इसी तरह के जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना से जुड़ सकें और स्वच्छ ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा सकें।

# खटीमा में डीएम भदौरिया ने सुनीं जनता की समस्याएं

## 22 शिकायतों का मौके पर निस्तारण, सड़क खुदाई करने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर होगी कड़ी कार्यवाही

खटीमा (उद संवाददाता)। मंगलवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में विकास खण्ड सभागार खटीमा में तहसील दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं को शांत मन एवं संवेदनशील होकर सुनें व तहसील दिवस में पंजीकृत प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्या जिस स्तर की है उसी स्तर पर समाधान होना चाहिए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करते हुए जनता को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।तहसील दिवस में सड़क, नाली निर्माण, हैंडपंप, शिक्षा, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पानी, बिजली और भूमि संबंधित कुल 92 शिकायतें पंजीकृत हुईं जिनमें से 22 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने 40 समस्याओं को विभिन्न योजनाओं में रखने के निर्देश दिये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा नगर निकाय व लोनिवि की अनुमति लिए बिना सड़क खोदी जाएगी तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत पूरी पारदर्शिता के साथ बच्चों के प्रवेश सुनिश्चित किए जाएं। सुनवाई के दौरान ग्राम जरासु प्रतापपुर निवासी इन्द्रजीत सिंह ने भूमि स्वामित्व का अनुरोध किया जिस पर उप जिलाधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए। तिलक नगर निवासी संतोष मेहरोत्रा ने ऐंठा नाले से अतिक्रमण हटाकर सफाई कराने का अनुरोध किया जिस पर नगर पालिका और सिंचाई विभाग को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश मिले। ग्राम प्रधान माया जोशी ने नदन्ना में जल भराव की समस्या रखी जबकि आदर्श कालोनी भुड़ महोलिया के निवासियों ने नाली निर्माण की मांग की। श्रीपुर बिछुआ में अवैध रास्ता बनाने के विरोध पर उप जिलाधिकारी को जांच सौंपी गई। चारूबेटा के क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश सिंह ने 15 हैंडपंप लगवाने और ग्राम प्रधान चंद्रकला ने चटियाफार्म विद्यालय में वाटर कूलर व पंखे लगवाने की मांग रखी। ग्राम प्रधान महेंद्र पाल ने सस्ता गल्ला विक्रेता को हटाने और नगला तराई में नाली मरम्मत हेतु खंड विकास अधिकारी को मौके पर निरीक्षण के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा, दर्जा मंत्री राजपाल सिंह, सतीश भट्ट, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, मुख्य चिकित्साधिकारी केके अग्रवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आशुतोष जोशी, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जलसंस्थान अजय कुमार, तहसीलदार बीरेन्द्र सजवान, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी तोमर, सहायक निदेशक दुग्ध राजेन्द्र सिंह चौहान, खण्ड शिक्षा अधिकारी भानू प्रताप, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीएस भट्ट, खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




# कैलाश जोशी अध्यक्ष व दीपक पाठक महामंत्री निर्वाचित हुए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन नवीन मंडी के द्विवार्षिक चुनाव में सर्व सम्मति से कैलाश जोशी को पुनः अध्यक्ष व दीपक पाठक को महामंत्री चुना गया। इससे पूर्व आयोजित आम सभा में मुख्य चुनाव अधिकारी जीवन सिंह कार्की द्वारा अपने सहयोगी देवानंद सिंधी व लक्ष्मीकांत गुप्ता के साथ चुनावी प्रक्रिया शुरू की गई । सर्वप्रथम अध्यक्ष पद हेतु पुनः कैलाश जोशी के नाम



का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। जिसके पश्चात कार्यकारिणी के अन्य पदों के लिए चुनाव किया गया। जिसमें केशव दत्त पलड़िया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दुर्गादत्त तिवारी कनिष्ठ उपाध्यक्ष, चरनजीत सिंह बिन्द्रा संयुक्त मंत्री, सज्जाद अली संगठन मंत्री, नीरज प्रभात गर्ग कोषाध्यक्ष व नन्दा बल्लभ बृजवासी को लेखा निरीक्षक चुना गया। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# रेनबो पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय दंत जांच शिविर संपन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में 4 एवं 5 मई 2026 को विद्यालय समय के दौरान दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उनके दांतों के स्वास्थ्य की जांच करना था। यह शिविर जैन डेंटल क्लिनिक सिविल लाइंस रुद्रपुर के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका संचालन प्रसिद्ध दंत विशेषज्ञ शुभम संदेश जैन एमडीएस एंडोडॉन्टिस्ट एवं आरसीटी विशेषज्ञ पूर्व दंत सर्जन फोर्टिस हॉस्पिटल फरीदाबाद द्वारा किया गया। उनके साथ अनुभवी दंत चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों का परीक्षण किया।शिविर के दौरान विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर कैविटी मसूड़ों की समस्याएं एवं दांतों की बनावट से संबंधित समस्याओं की पहचान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को सही तरीके से ब्रश करने नियमित दंत जांच कराने एवं मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। वहीं विद्यालय के निदेशक संजीव मलिक ने कहा कि स्कूल समय समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा ताकि विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा सके।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दंत स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सीखीं। जिन विद्यार्थियों को आगे उपचार की आवश्यकता थी उन्हें परामर्श भी दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों में स्वस्थ आदतों को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।




# सितारगंज जेल में टीबी स्क्रीनिंग शिविर, 371 बंदियों की जांच

सितारगंज (उद संवाददाता)। संपूर्णानंद शिविर सेंट्रल जेल सितारगंज की डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बंदियों के लिए विशेष टीबी स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत सरकार के दिशा निर्देशों के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जेल जैसे संवेदनशील वातावरण में संक्रामक रोगों की समय पर पहचान कर टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूत करना था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के के अग्रवाल के नेतृत्व और अनिरुद्ध मलिक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 371 बंदियों की प्रारंभिक टीबी स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान 14 बंदियों में संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर उनके सैंपल जांच के लिए लिए गए। शिविर के दौरान डॉक्टरों की टीम ने बंदियों को टीबी के लक्षण, इसके बचाव और नियमित उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर जांच और पूरा उपचार लेने से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। जेल प्रशासन के सहयोग से शिविर का सफल संचालन किया गया और सभी बंदियों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर जिला पीएमडीटी समन्वयक नवल, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुनील राय, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी राहुल वर्मा, कविश अहमद, शिवांगी व्यास, सुनीता साना सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम और जेल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही, ताकि जेल में निरुद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य मानकों को और बेहतर बनाया जा सके।



SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा
• प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी
• जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# पंतनगर विवि के कुलपति ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज लोक भवन में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के नवनियुक्त कुलपति शिवेन्द्र कुमार कश्यप ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने कश्यप को उनके नए दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय शिक्षा शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।इस दौरान विश्वविद्यालय की आगामी कार्ययोजनाओं और शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई।



# थार में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे थे युकां नेता

नैनीताल (उद संवाददाता)। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर आरोप लगाकर सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने वाली युवक कांग्रेस के नेता खुद कानून की गिरफ्त में फंस गए हैं। जिले में अपराध पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कालाढूंगी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी नंबर प्लेट लगाकर सड़क पर दौड़ रही एक महिंद्रा थार को पकड़ लिया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका साथी और यूथ कांग्रेस कालाढूंगी विधानसभा अध्यक्ष प्रभजोत गिल फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को नयाँगांव तिराहे के पास पुलिस टीम सघन वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध काली थार को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर चालक भागने लगा, लेकिन टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया।पता चला कि थार पर लगी नंबर प्लेट दूसरी गाड़ी की थी। आरोपी ने अपने साथी प्रभजोत गिल साथ मिलकर असली नंबर प्लेट हटाकर फर्जी नंबर लगाया था, ताकि वाहन की पहचान छिपाई जा सके। पुलिस ने थार को सीज कर युवक को हिरासत में ले लिया और उसके फरार साथी कांग्रेस कालाढूंगी विधानसभा अध्यक्ष प्रभजोत गिल पुलिस की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।



# तीन राज्यों की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

## चुनाव परिणामों ने देश में विकास की राजनीति पर लगाई मुहरः महापौर

रुद्रपुर। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत का उत्साह रुद्रपुर में भी सातवें आसमान पर दिखाई दिया। बड़ी सफलता से गदगद भाजपा कार्यकर्ताओं ने महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में मुख्य भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों बंगला संस्कृति के वाद्य यंत्रों की थाप पर नृत्य किया। और जोरदार आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान जीत की मिठास एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर साझा की गई, वहीं पश्चिम बंगाल की जीत के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को 'झालमूड़ी' खिलाकर बधाई दी। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और उनकी दूरदर्शी नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा का निरंतर बढ़ता जनाधार इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता केवल और केवल विकास और सुशासन की राजनीति पर ही विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के वर्षों के कथित कुशासन और अराजकता से मुक्ति पाने के लिए भाजपा को चुना है, जबकि असम में भाजपा द्वारा लगाई गई जीत की हैट्रिक ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की जनता प्रधानमंत्री की जनहितकारी योजनाओं से पूरी तरह संतुष्ट है। पुडुचेरी में भी जनता ने पुनः भाजपा पर विश्वास जताकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला लिया है। महापौर ने जोर देते हुए कहा कि तीनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में जो विकास की गंगा बह रही है, जनता उसी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहती है। बंगाल में मिली यह प्रचंड जीत आने वाले समय में राज्य को सुशासन, समृद्धि और प्रगति के नए आयामों तक लेकर जाएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुग सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए इस जीत को भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रवाद की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की देशभक्ति और जनकल्याणकारी नीतियों की सफलता है, जिसने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की तुष्टिकरण व भ्रष्टाचार की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। जश्न मनाने वालों में .पार्षद प्रमोद शर्मा,पार्षद नीतू राय ,मानवेंद्र राय भारत भूषण चुघ,प्रमोद मित्तल मोर सिंह यादव विजय तोमर बिट्टू चौहान सुनील ठुकराल पारस चुघ हिमांशु शुक्ला अनिल चौहान उपेंद्र ममता त्रिपाठी सुषमा अग्रवाल ज्ञान सिंह चौहान दीपक गोस्वामी मुकेश वशिष्ठ पंकज शर्मा के के त्रिपाठी सनी अरोरा मुकेश मंडल दिलीप अधिकारी जितेंद्र संधू दिलजोत बाजवा संजीव शर्मा राजन राठौड़ सर्वेश मौर्य राजेश कामरा, सतनाम सिंह पप्पू संदीप राव आदि समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।








# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़

## संचालिका सहित छह गिरफ्तार, दो नाबालिग समेत पांच युवतियां रेस्क्यू

रुद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में जनपद की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के रैकेट का पर्दाफाश किया है। टीम ने गाबा चौक स्थित ब्यूटी क्वीन स्पा एंड सैलून पर छापेमारी कर दो नाबालिग समेत पांच युवतियों को रेस्क्यू किया, जबकि दो महिलाओं सहित कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार एएचटीयू टीम को सूचना मिली थी कि उक्त स्पा सेंटर में बाहरी राज्यों की युवतियों को लाकर अनैतिक गतिविधियों में लिप्त कराया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में टीम ने औचक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से पांच मोबाइल फोन, एक स्कैनर, रिसेप्शन रजिस्टर तथा अन्य आपत्ति जनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने मौके से स्पा संचालिका लालनुनसियामी उर्फ किकी निवासी कोलासिब मिजोरम, मौहम्मद शेहरियार निवासी बरेली, एच लालछनहिमा निवासी मिजोरम, दीपक सिंह निवासी रुद्रपुर, संजय श्रीवास्तव निवासी पीलीभीत रुद्रपुर तथा लालरमजावी उर्फ निकी निवासी कोलासिब मिजोरम को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पांच युवतियों को रेस्क्यू किया गया, जिनमें दो नाबालिग हैं। सभी युवतियां मिजोरम राज्य की रहने वाली हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अभियुक्त मिजोरम से युवतियों को अच्छे काम का लालच देकर रुद्रपुर लाते थे और बाद में उन्हें डरा धमका कर ग्राहकों के साथ जबरन अनैतिक कार्य करने के लिए मजबूर करते थे। पुलिस के अनुसार इस मामले में मिजोरम के ऑल वुमेन पुलिस स्टेशन आइजोल में पूर्व से ही संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मिजोरम पुलिस के निरीक्षक दीपक पाठक से समन्वय स्थापित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही कोतवाली रुद्रपुर में भी भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 और पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के नेतृत्व में उप निरीक्षक रीता, सहायक उप निरीक्षक संगीता चंद, महिला कांस्टेबल ममता मेहरा, सीमा, कांस्टेबल कृपाल सिंह, सूरज धामी, विरेंद्र पांडे और राजेंद्र कुमार शामिल रहे।



# मीना शर्मा ने गौशाला में की गौसेवा

रुद्रपुर। भाजपा नेत्री और पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा मंगलवार को गंगापुर रोड स्थित श्री जी केशव कुंज गौशाला पहुंचीं। जहां उन्होंने धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और गौवंश को गुड़ व हरा चारा खिलाकर गौसेवा की।इस अवसर पर श्री जी केशव कुंज गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने मीना शर्मा सहित अन्य अतिथियों का पीत वस्त्र ओढ़ाकर और बुके प्रदान कर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गौसेवा को पुण्य का कार्य बताते हुए उनके इस प्रयास की सराहना की।इस अवसर पर आचार्य, महंत, केके शर्मा, अनिल शर्मा, राम प्रसाद, एडवोकेट जुगल किशोर गोस्वामी, अमित डाबड़ा सहित दर्जनों अन्य लोग उपस्थित थे।



# स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

हल्द्वानी । स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर में मंगलवार को नगर निगम एवं वेणी सेना द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर निगम कार्यालय से नैनीताल रोड तिकोनिया तक स्वच्छता जागरूकता हेतु नगर आयुक्त ,नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त की अगुवाई में बैणी सेना के साथ निकाली गयी। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करना तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु प्रेरित करना रहा।



# पुल निर्माण की धीमी गति पर भड़के विधायक पाण्डे

बाजपुर। बैरिया रोड पर बन रहे लेवड़ा नदी पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने मंगलवार को मौके पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा और लोनिवि के जेई राजीव गौड़ भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने विधायक से शिकायत करते हुए बताया कि पुल निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है।विधायक पांडेय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित लोनिवि अधिकारी और ठेकेदार मिलकर जनता के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं, जिसे अब रोका जाएगा। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि ठेकेदार के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज कर कार्रवाई की जाए।इसके साथ ही विधायक ने बरसात से पहले आवागमन सुचारू रखने के लिए अस्थायी रूप से तीन बैली पुल लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि तय समयसीमा में कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ आपदा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान कई जन प्रतिनिधि और लोग भी मौजूद रहे। विधायक ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।



# वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने दी सफाई

रुद्रपुर। डीडी चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही जानकारी को पुलिस ने भ्रामक बताया है। सीओ प्रशांत कुमार ने स्पष्ट किया कि बिना हेलमेट और वैध दस्तावेज न होने पर नियमों के तहत चालान काटा गया तथा वाहन सीज किया गया था।पुलिस के अनुसार यह घटना 2 मई की सुबह की है। नियमित चेकिंग के दौरान एक बाइक चालक को बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए रोका गया। जांच में चालक से ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह मौके पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक ने मोबाइल फोन में व्हाट्सएप के माध्यम से दस्तावेजों की फोटो दिखाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने मान्य नहीं माना।सीओ ने बताया कि व्हाट्सएप या गैलरी में रखी तस्वीरें कानूनी रूप से मान्य नहीं होतीं, जबकि डिजिलॉकर में उपलब्ध डिजिटल दस्तावेज वैध माने जाते हैं। चालान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चालक ने डिजिलॉकर इंस्टॉल कर दस्तावेज दिखाए, लेकिन तब तक नियमानुसार कार्रवाई की जा चुकी थी।इसके बाद चालक ने वीडियो बनाकर मामले को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से प्रस्तुत कर दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि पूरी कार्रवाई नियमों के अनुरूप की गई है। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी न फैलाएं।



# मदरसों का औचक निरीक्षण,प्रशासन ने खंगाली व्यवस्थाएं

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में प्रशासन की संयुक्त टीम ने नगर क्षेत्र में संचालित मदरसों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग और पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि रामनगर में कुल 35 मदरसे संचालित हैं, जिनमें कुछ मान्यता प्राप्त हैं जबकि कुछ गैर मान्यता प्राप्त हैं। अभियान के तहत चयनित मदरसों का निरीक्षण किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि यहां अध्ययनरत बच्चे बाहरी राज्यों से तो नहीं लाए जा रहे हैं और यदि आए हैं तो उनकी स्थिति क्या है।निरीक्षण के दौरान कुछ मदरसों में बच्चों की संख्या कम पाई गई, जबकि जिन स्थानों पर बच्चे मौजूद थे, वे सभी स्थानीय पाए गए। कुछ मदरसों में निरीक्षण के समय बच्चे नहीं मिले, जिस पर संचालकों ने बताया कि बच्चे विद्यालय की छुट्टी के बाद शाम के समय पढ़ने के लिए आते हैं।एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जा रही है और आगे भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनी रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सिनेमा और सियासत का सफर

तमिलनाडु में अभिनेता विजय की पार्टी शतमिलगा वेत्री कजगमश (ज्टइ) ने अपने पहले ही विधानसभा चुनाव (2026) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीती हैं, जिससे यह राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। हालांकि, यह बहुमत (118 सीटें) से 10 सीट पीछे है, जिससे त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति बनी है। तमिलनाडु में सिनेमा और सियासत का खासा प्रभाव रहा है, जहां कई लोकप्रिय अभिनेताओं ने फिल्मी परदे से निकलकर सत्ता के गलियारों तक का सफर तय किया है। राज्य में अभिनेता से नेता बनने की परंपरा की नींव एमजी रामचंद्रन ने रखी थी। उन्होंने वर्ष 1972 में द्रमुक से अलग होकर अन्नाद्रमुक पार्टी का गठन किया और लंबे समय तक राज्य की सत्ता संभाली। अब तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता विजय भी उनकी राह पर हैं। उनकी पार्टी टीवीके राज्य विधानसभा चुनावों में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है।टीवीके की इस जीत को इसलिए अहम माना जा रहा है कि यह उसका पहला चुनाव था और उसने राज्य के इतिहास में एक बार फिर राजनीति की दिशा बदल दी है। इससे पहले यहां की सियासत केवल दो दलों द्रमुक और अन्नाद्रमुक के इर्द-गिर्द केंद्रित रहती थी। हालांकि, विजय की पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाया है, लेकिन राज्य में उनकी सरकार बननी लगभग तय है। अब देखना होगा कि सत्ता संभालने के बाद वे जनता की उम्मीदों पर कितने खरे उतर पाएंगे। गौरतलब है कि तमिलनाडु की सियासत में एमजी रामचंद्रन के बाद कई फिल्मी सितारों ने कदम रखा, जिनमें जयललिता का नाम सबसे ऊपर है। अभिनेता विजयकांत और कमल हासन ने भी नए दलों का गठन किया, लेकिन उन्हें खास कामयाबी नहीं मिल पाई। इसके अलावा, रजनीकांत ने भी वर्ष 2020 में अपनी राजनीतिक पार्टी बनाने का एलान किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपने कदम वापस खींच लिए। वहीं, अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके को बने हुए लगभग दो साल का ही वक्त हुआ है और पहले ही चुनाव में उसने राज्य की मुख्यधारा के दोनों दलों को करारी शिकस्त देकर शानदार जीत हासिल की है। विजय को अभिनेता के रूप में जिस तरह की फिल्मों से लोकप्रियता मिली है, उनमें से ज्यादातर व्यवस्था की जटिलता एवं उसमें सुधार पर केंद्रित रही हैं। अब यह देखने की बात होगी कि इससे पहले सत्ता पर मजबूत पकड़ रखने वाली द्रमुक की राज्य में शासन और विकास की नीतियों के समांतर अब विजय और उनकी टीवीके तमिलनाडु की राजनीति को कौन-सी नई दिशा देते हैं।

## प्रदेश जिला पंचायत सदस्य संगठन की वर्चुअल बैठक संपन्न

नानकमत्ता। प्रदेश जिला पंचायत सदस्य संगठन की वर्चुअल बैठक मंगलवार शाम 7 बजे प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला योजना समिति के चुनाव न होने और बिना समिति गठन के बैठकें कराए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 मई सुबह 11 बजे पूरे प्रदेश में जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसमें जिला योजना समिति के शीघ्र चुनाव, जिला पंचायत सदस्यों का मानदेय 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने, प्रत्येक सदस्य के लिए अलग निधि, पंचायत कल्याण कोष की स्थापना और विकास कार्यों की सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने जैसी मांगें शामिल होंगी। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री अजयवीर सिंह ने किया। इस दौरान कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रांगड़, सुरेश कुमार बिष्ट, उर्मिला बिष्ट, शिशुपाल सिंह, सुनील प्रसाद, हुकुम सिंह, गंभीर सिंह, माया देवी, बलवंत सिंह नेगी, मधु राणा, शिल्पी सिंह, राहुल सिंह, अंजली जोशी, भरत सिंह, डॉ. शिवचरण नौटियाल, अनुज कुमार, वंदना देवी, सरिता, दीपेंद्र कोहली, अनूप राज, योगेश जोशी, अशोक मेहरा, पंकज सिंह बोरा, प्रवीन रावत और कविता नेगी सहित प्रदेशभर के जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## बीडीसी सदस्य पर हमले के मामले में केस दर्ज

नानकमत्ता। क्षेत्र के ग्राम बलखेड़ा निवासी एवं बीडीसी सदस्य गुरमीत सिंह ने अपने साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट, खटीमा की अदालत में प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, गुरमीत सिंह ने बताया कि 20 जनवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपने साथी के साथ कार से विडौरा मझोला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नानकमत्ता स्थित सत्संग घर के पास कुछ बाइक सवार युवकों ने उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए उन्हें जबरन कार से नीचे उतारा और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों में सोनू सिंह, कुलदीप सिंह, कोमल सिंह और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे, जिन्होंने लात-घूंसों से हमला किया। गुरमीत सिंह के अनुसार, घटना के बाद उन्होंने सितारगंज के सरकारी अस्पताल में उपचार कराया और मामले की शिकायत थाना नानकमत्ता व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, ऊधम सिंह नगर से भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वर्तमान में उनका इलाज खटीमा के एक अस्पताल में चल रहा है।

# कुमाऊं में 50 करोड़ से अधिक लागत की 45 परियोजनाओं की समीक्षा

## 14726 करोड़ की योजनाओं की प्रगति पर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश



हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कुमाऊं आयुक्त और सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने कैंप कार्यालय हल्द्वानी में कुमाऊं मंडल के विभिन्न विभागों द्वारा 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्या कुमाऊं मंडल आर सी तिवारी ने बताया कि मंडल में 17 विभागों के माध्यम से 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कुल 45 परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं की कुल स्वीकृत धनराशि लगभग 14726.49 करोड़ रुपये है।उन्होंने जानकारी दी कि जमरानी बांध पी आई यू हल्द्वानी, सिंचाई विभाग, एम्स सैटेलाइट किच्छा, पंतनगर एयरपोर्ट, पीएमएवाई रुद्रपुर, पी आई यू नैनीताल और वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत एक एक परियोजना संचालित हो रही है। इसके अलावा ब्रिडकुल, पी आई यू चम्पावत और यूपीसीएल द्वारा तीन तीन परियोजनाएं, जबकि पेयजल निगम, एनएचएआई, पिटकुल और लोक निर्माण विभाग द्वारा चार चार परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं।बैठक में यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत पांच परियोजनाएं और निर्माण विंग पेयजल निगम द्वारा सात परियोजनाएं 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की श्रेणी में प्रगति पर हैं।समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और योजनाओं की प्रगति से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की गई।

## आरसेटी हल्द्वानी में ब्राइडल मेकअप डेमो और प्रमाण पत्र वितरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी हल्द्वानी नैनीताल में 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के अंतर्गत ब्राइडल मेकअप का डेमोंस्ट्रेशन सत्र और पूर्व प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रमाण पत्र प्रशिक्षणार्थियों ने पहाड़ी दुल्हन लुक, महाराष्ट्रीयन लुक, बंगाली लुक, पार्टी मेकअप, रिसेप्शन लुक और सिंपल मेकअप जैसे विभिन्न मेकअप स्टाइल का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने इन स्टाइल मेकअप के माध्यम से किया है और इस कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि मेकअप आर्टिस्ट के क्षेत्र में आय की अच्छी संभावनाएं हैं।अमित बाजपेई ने प्रारंभ कर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए और इसके लिए बैंक ऑफ बड़ौदा की विभिन्न शाखाओं से ऋण लिया जा सकता है। गीतेश त्रिपाठी ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना





वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों की उपस्थिति रही।समारोह में डी डी एम नाबार्ड नैनीताल मुकेश बेलवाल, एल डी एम नैनीताल अमित बाजपेई, बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के इंचार्ज नवीन कुशवाह और दूरदर्शन से गीतेश त्रिपाठी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।इस दौरान के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी प्रस्तुत की, जिससे उनके प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल की झलक देखने को मिली। इसके साथ ही विमेंस टेलर तथा रेफ्रिजरेशन और एसी प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुकेश बेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रतिभागियों ने ब्राइडल दूरदराज क्षेत्रों से आई प्रशिक्षुओं के साहस और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल का निरंतर अभ्यास कर उसे स्वरोजगार में परिवर्तित किया जा सकता है। उन्होंने बैंक से ऋण संबंधी सहायता के लिए एल डी एम कार्यालय से संपर्क करने की सलाह दी।नवीन कुशवाह ने कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद छोटे स्तर पर कार्य करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक अतुल कुमार पांडे ने 11 मई से शुरू होने वाले सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वित्तीय परामर्शदाता सुरेश बिष्ट, मास्टर ट्रेनर रविता पाल, स्टाफ ममता अधिकारी, प्रकाश गोस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हर व्यक्ति तक पहुंचे न्याय के प्रति जागरूकता: जानकी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई अल्मोड़ा एवं जिला इकाई बागेश्वर का दो दिवसीय संयुक्त अभ्यास वर्ग कौसानी स्थित अनाशक्ति आश्रम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ हुआ। अभ्यास वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती जानकी सूर्या ने संगठन की कार्यशैली, उसकी रूपरेखा एवं राष्ट्र सर्वोपरि के सिद्धांत पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने अधिवक्ताओं की राष्ट्रीय निर्माण में भूमिका, समाज में संगठन की जिम्मेदारी तथा न्याय के प्रति जागरूकता को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प पर प्रभावशाली उद्बोधन दिया। प्रांत मंत्री संजय सिंह ने संगठन की संरचना, कार्यकर्ताओं की समाज तक प्रभावी पहुंच तथा श्रेष्ठ



व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में संगठन की वचनबद्धता को विस्तार से समझाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अभ्यास वर्ग में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप लोहनी, श्रीमती ममता जोशी, डीडी गुणवंत एवं प्रांतीय कार्यालय मंत्री दिग्विजय सिंह सहित विभिन्न वरिष्ठ एवं मुख्य कार्यकर्ताओं ने अपने विचार साझा करते हुए कार्यकर्ता निर्माण एवं संगठन सुदृढ़ीकरण पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।इस अवसर पर दोनों जिलों के कार्यकर्ताओं ने बौद्धिक एवं संगठनात्मक विषयों पर गहन चर्चा कर अपने ज्ञान एवं अनुभव को समृद्ध किया तथा समाज हित में न्याय के प्रति सजग रहते हुए सामाजिक न्याय की अवधारणा को साकार करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह अभ्यास वर्ग न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

# तहसील दिवस में डीएम का ऑन-द-स्पॉट एक्शन,64 शिकायतों का हुआ निस्तारण

चंपावत। जनपद के सीमांत क्षेत्र की जनसमस्याओं को सुनने एवं उनके प्रभावी समाधान हेतु जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में आज तहसील पूर्णागिरि (टनकपुर) में 'तहसील दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूरस्थ क्षेत्रों से आए 64 फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिन पर मौके पर ही त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।तहसील दिवस के दौरान सरस्वती चंद, निवासी भजनपुर द्वारा क्षेत्र में खतरा बने पेड़ों के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने वन विभाग, वन निगम एवं संबंधित अधिकारियों को जनपद में चिन्हित सभी जोखिमपूर्ण पेड़ों का नियमानुसार शीघ्र कटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पस्ट निर्देश दिए की खतरे बने पेड़ो से किसी भी प्रकार की क्षति होने पर सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मीना देवी, निवासी नौलापानी द्वारा गैस आपूर्ति वाहन की व्यवस्था को लेकर उठाई गई समस्या पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं, इंद्र देव विश्वकर्मा, निवासी छीनीगोठ द्वारा पुलिया निर्माण की मांग पर खंड विकास अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने को कहा गया।राजेंद्र प्रसाद, आदित्य एवं सूरज द्वारा पुरस्कार धनराशि लंबित होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को दो दिवस के भीतर पात्र लाभार्थियों को भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पुष्पा विश्वकर्मा द्वारा बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग पर वन विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। दिलावर अली, निवासी वार्ड-3 टनकपुर द्वारा नालियों की सफाई एवं दूषित पेयजल की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को नगर की समस्त नालियों की सफाई, झाड़ी कटान एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान जिलाधिकारी ने पेयजल गुणवत्ता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही पटवारी को संबंधित क्षेत्र में भेजकर पानी की जांच कराई, जिसमें पानी साफ पाया गया। इसके उपरांत शिकायतकर्ता के संतुस्ट ना होने पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को शिकायतकर्ता के घर से भी पानी का नमूना मंगाया गया, जो मानकों के अनुरूप पाया गया। शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने के बावजूद एहतियातन जिलाधिकारी ने नियमित जल परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।किरन देवी, निवासी सिलाड़ द्वारा सोलर लाइट स्थापना की मांग पर परियोजना अधिकारी उरेडा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त गीता मेहता द्वारा आयुष्मान कार्ड की सीमा वृद्धि, राहुल सिंह, निवासी चंदनी द्वारा विद्युत समस्या, हर्षवर्धन सिंह द्वारा गृहकर नामांतरण तथा निर्मला देवी द्वारा संपर्क मार्ग सुधार संबंधी शिकायतों सहित अन्य प्रकरणों को भी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी विपिन पंत, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# जिला योजना समिति चुनाव को लेकर पंचायत सदस्यों में आक्रोश

## 11 मई को प्रदेशभर में ज्ञापन देकर शक्ति प्रदर्शन का ऐलान

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। प्रदेश जिला पंचायत सदस्य संगठन उत्तराखंड की वर्चुअल बैठक में जिला योजना समिति के गठन में देरी और पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकारों को लेकर तीखा आक्रोश सामने आया। प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रांगड़ ने कहा कि प्रदेश में अब तक जिला योजना समिति के चुनाव न होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनदेखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जनपदों में बिना समिति गठन के ही जिला योजना की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। चमोली और रुद्रप्रयाग में बैठक न होने तथा अन्य जिलों में नियमों को दरकिनार करने पर भी सदस्यों ने नाराजगी जताई।बैठक में यह मुद्दा भी उठाया गया कि जिला पंचायत अध्यक्षों को उनकी गरिमा के अनुरूप भूमिका नहीं दी जा रही है और



उन्हें केवल सदस्य के रूप में शामिल किया जा रहा है, जिसे पंचायत व्यवस्था का अपमान बताया गया। चमोली के सदस्य सुरेश कुमार बिष्ट ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। उर्मिला बिष्ट ने विकास कार्यों की सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किए जाने की मांग रखी।बागेश्वर के बलवंत सिंह नेगी ने जिला योजना में पंचायत सदस्यों की योजनाओं की अनदेखी पर रोष जताते हुए निधियों के समान वितरण की मांग की। प्रदेश महामंत्री अनूप राज ने मुख्यमंत्री से शीघ्र वार्ता का प्रस्ताव रखा, जबकि प्रदेश सचिव दीपेंद्र कोहली ने योजनाओं की पात्रता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में संगठन की प्रमुख मांगों में जिला योजना समिति के चुनाव शीघ्र कराना, जिला पंचायत सदस्यों का मानदेय 30 हजार रुपये प्रतिमाह करना, विधायक निधि की तर्ज पर जिला पंचायत निधि लागू करना, पंचायत कल्याण कोष का गठन कर आकस्मिक स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराना और कोटेशन आधारित कार्यों की सीमा 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करना शामिल रहा।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 मई को सुबह 11 बजे प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके साथ ही एक समान प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेशभर में एकजुटता का संदेश दिया जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बैठक में चमोली, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी, उत्तरकाशी, चंपावत, पिथौरागढ़ और देहरादून सहित विभिन्न जनपदों के सदस्य और पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया ऐतिहासिक जीत का जश्न

दिनेशपुर। विधानसभा गदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत दिनेशपुर चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में पार्टी की शानदार जीत पर जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी व्यक्त की।इस अवसर पर विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा को मिल रहा समर्थन इस बात का प्रमाण है कि जनता विकास और स्थिरता की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है।उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए भविष्य में भी इसी तरह मेहनत करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा के महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने ढोल-नगाड़ों और नारेबाजी के साथ जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया और आगामी चुनावों में और अधिक मजबूती से पार्टी को विजयी बनाने की बात कही।



# लोगों ने खाली बर्तनों के साथ किया जोरदार प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के राजेंद्र नगर वार्ड 12 में नाले के पास जल भराव की पिछले कई दिनों से बनी गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का रोष भड़क कर सड़क पर उतर गया है। लगातार कम हो रही जलापूर्ति से त्रस्त निवासियों में भारी गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ खाली बर्तनों को बजाकर जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। पार्षद प्रतिनिधि एवं युवा नेता हेमंत साहू के नेतृत्व में दर्जनों महिलाएं, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और खाली बर्तनों को पीटकर अपनी नाराजगी जाहिर की। लोगों का कहना था कि बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।हेमंत साहू ने कहा आम जनता को बुनियादी सुविध



ाओं के लिए सड़कों पर आना पड़ रहा है। मूलभूत जरूरत के अभाव में लोग त्रस्त हैं, जो बेहद शर्मनाक है। यदि शीघ्र स्थायी समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे इसकी सारी जिम्मेदारी विभाग की होगी। उन्होंने जल संस्थान को चेतावनी दी कि पानी की आपूर्ति सुचारू करें और नाले के पास स्थायी उपाय करें, वरना बड़ा जनआंदोलन छेड़ा जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में पुष्पा देवी, मनीषा आर्या, आशा देवी, पनी राम, रमेश आर्या, गणेश आर्या, संगीता देवी, सुमित पाल, रोहित पाल, अमित कुमार, नरेश गुप्ता आदि थे।



### सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधाारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सलीम और पुत्रवधू नजमा पत्नी सलीम गलत संगत में पड़ गये हैं। आये दिन घर वालों के साथ मारपीट गाली गलौच करते हैं। इनके कृत्यों से दुखी और परेशान होकर मैने सलीम और उसकी पत्नी नजमा से समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं और दोनों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में ये दोनों अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।

अहमद खान पुत्र श्री सूखे खान, वार्ड-6, भूत बंगला, रूद्रपुर,उधम सिंह नगर


## पेज एक का शेष...

**पुलिस महकमें में बड़ा....**चौकी बंगालिया हरिपुरा, जगदीश तिवारी को प्रभारी चौकी दौराहा से प्रभारी चौकी शक्तिफार्म, हरीश प्रसाद को पुलिस लाइन रुद्रपुर से प्रभारी चौकी बखपुर, अर्जुन सिंह को प्रभारी चौकी मंडी गल्ला से प्रभारी चौकी जयनगर तथा कोमल भंडारी को प्रभारी चौकी कटराताल से प्रभारी चौकी बाजपुर भेजा गया है।इसी क्रम में संजय भारती को प्रभारी चौकी गदरपुर से कोतवाली ट्रांजिट कैंप, पंकज महर को कोतवाली ट्रांजिट कैंप से थाना पंतनगर, मीना रावत को पुलिस लाइन रुद्रपुर से प्रभारी चौकी कटराताल, दिनेश चंद्र सिंह को पुलिस लाइन रुद्रपुर से प्रभारी चौकी बारसोखान, हीरा सिंह डांगी को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली जसपुर, सुनील सिंह बिष्ट को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली कुंडा, खुशवंत सिंह को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली रुद्रपुर, बसंत लाल सत्या को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली रुद्रपुर, जसमपाल गुर्जर को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली रुद्रपुर, चंद्र सिंह को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली सितारगंज तथा मुकेश कुमार को पुलिस लाइन रुद्रपुर से थाना केलाखेड़ा भेजा गया है।वहीं कृष्ण कुमार को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली आईटीआई, केशवाचार्य को कोतवाली रुद्रपुर से कोतवाली खटीमा, विजय सिंह को प्रभारी चौकी धरमपुर से शिकायत प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय, ललित चौधरी को प्रभारी चौकी शक्तिफार्म से थाना केलाखेड़ा, गंगाराम दत्त भट्ट को चौकी प्रभारी स्यूंरा से प्रभारी चौकी सुत्तियाल जसपुर, इन्द्र सिंह नेला को चौकी प्रभारी सुत्तियाल से कोतवाली रुद्रपुर, पवन रावत को थाना केलाखेड़ा से कोतवाली ट्रांजिट कैंप तथा सोनू सिंह को पुलिस लाइन रुद्रपुर से प्रभारी चौकी स्यूंरा तैनात किया गया है।निरीक्षक स्तर पर भी महत्वपूर्ण फेरबदल करते हुए राजेश पांडे को प्रभारी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर, राजेन्द्र सिंह डांगी को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर से प्रभारी डीसीआरबी, भुवनेन्द्र बृजवाल को प्रभारी डीसीआरबी से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गदरपुर, संजय पाठक को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गदरपुर से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानकमत्ता, धीरेंद्र कुमार को पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुंडा, विक्रम सिंह राठौर को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कुंडा से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई, रवि सैनी को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा, प्रकाश दान को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर, मनोज रतूड़ी को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर से प्रभारी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा मंजू पांडे को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नानकमत्ता से प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसएसपी अजय गणपति ने स्पष्ट किया है कि यह फेरबदल जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने और पुलिस कार्यप्रणाली में और अधिक दक्षता लाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी नई तैनाती पर पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

**मकान की छत पर गिरी...**तुरंत पुलिस व 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी गई। इस हादसे में मृतक की पहचान 32 वर्षीय भुवन प्रसाद पुत्र गोपाल राम निवासी ग्राम मटेला, काफलीगैर जिला बागेश्वर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भुवन प्रसाद टैक्सी चालक था और मंगलवार शाम ताड़ीखेत ब्लॉक के शिवाली गांव में बागेश्वर से आई एक बारात को लेकर आया था। तड़के वह चौबटिया रोड की ओर लौट रहा था, तभी देहोली क्षेत्र में एक मोड़ पर वाहन से नियंत्रण खो बैठा और यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दौरान चालक कार से बाहर छिटककर पत्थर की छत पर जा गिरा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर चौबटिया चौकी प्रभारी राजकुमार और उपनिरीक्षक फिरोज खान पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए गोविंद सिंह माहरा नागरिक चिकित्सालय भेज दिया है। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और रात के समय खराब मौसम को माना जा रहा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

**उत्तराखंड भारत का सबसे ...**बाद सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर आंतरिक और बाहरी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। उमा भारती ने कहा, ष्उत्तराखंड की रक्षा स्वयं भगवान बद्रीनाथ करते हैं, लेकिन इसके बावजूद हमें अपनी सीमाओं और सांस्कृतिक पहचान के प्रति सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने एक विशेष संयोग का जिक्र करते हुए बताया कि उन्हें तीन राज्यों में भाजपा की पूर्ण बहुमत से जीत की सूचना भी उत्तराखंड की इसी पवित्र धरती पर मिली, जो उनके लिए बेहद सुखद रहा। इससे पूर्व, रामनगर पहुंचने पर पूर्व नगर अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उमा भारती पर पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**राजस्व विभाग के खिलाफ...**मिलकर साजिश रची। आरोप है कि बिना किसी स्थलीय जांच और नोटिस के कागजी कार्रवाई कर उनके खिलाफ खसरा संख्या में अतिक्रमण दर्शाया गया और इसी आधार पर उनका नामांकन निरस्त करा दिया गया। विजेंद्र सिंह ने बताया कि बाद में 13 फरवरी 2026 को राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भूमि की पैमाइश कराई गई, जिसमें स्पष्ट रूप से सामने आया कि संबंधित भूमि पर उनका कोई अतिक्रमण नहीं है। इसके बावजूद विभाग द्वारा रिपोर्ट देने में अनावश्यक देरी की गई और बाद में उन्हें बचाने के बजाय दूसरे खसरा संख्या में भी अतिक्रमण दिखाकर मामला उलझा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस भूमि पर अतिक्रमण बताया जा रहा है, उस पर लंबे समय से अन्य व्यक्ति काश्त कर रहे हैं और इसके समर्थन में शपथपत्र भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद बिना उचित जांच और उनका पक्ष सुने कार्रवाई की गई, जो पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। प्रत्याशी ने यह भी सवाल उठाया कि जब सर्वे केवल खसरा संख्या 672/1 का किया गया था, तो खसरा संख्या 673/4 को किस आधार पर मामले में जोड़ा गया। उनका आरोप है कि राजनीतिक दबाव में दो लोगों के बयान दर्ज कर फर्जी तरीके से अतिक्रमण दर्शाया गया। विजेंद्र सिंह ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उपतहसील में उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस दौरान कांग्रेस नेता अशोक राणा, सुरेंद्र सिंह करनावल, नीरज राणा, सुखविंदर सिंह, गुरदेव सिंह, बलजिंदर सिंह, जरनैल सिंह, लखविंदर सिंह, छिंदर पाल सिंह, सतनाम सिंह, सुखचौन सिंह, बलजीत सिंह सहित कई ग्रामीण धरने में शामिल रहे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**आवारा पशु से टकराकर ....**पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने परविंदर को रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी, पुत्र और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विधायक तिलकराज बेहड़, समाजसेवी सुशील गावा सहित तमाम लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान लोगों ने आवारा पशुओं के कारण हाईवे पर आए दिन हो रहे हादसों पर गहरा रोष व्यक्त किया और प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**सरपंच के पुत्र ने ...** मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगा रहा है। वीडियो में मृतक ने आरोप लगाया कि अभय गुप्ता उसे लगातार जुआ खेलने के लिए मजबूर करता था और रुपये हारने के बाद उससे पैसों की मांग करते हुए धमकी देता था। उसने यह भी कहा कि आरोपी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच करीब तीन हजार रुपये को लेकर विवाद चल रहा था, जो इस दुखद घटना का कारण बना। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और वीडियो सहित सभी साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**खाई में गिरा...**और अन्य राशन सामग्री लदी हुई थी, जो देहरादून रेलवे स्टेशन से उत्तरकाशी ले जाई जा रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस, फायर सर्विस, 108 एंबुलेंस और उप जिला चिकित्सालय की टीम मौके पर पहुंची।खाई अधिक गहरी होने के कारण शुरुआती रेस्क्यू कार्य में दिक्कतें आईं, जिसके बाद एसडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाया गया। संयुक्त टीमों ने समन्वय के साथ अभियान चलाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक चालक और हेल्पर को खाई से बाहर निकाला। इस दौरान चालक की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि गंभीर रूप से घायल हेल्पर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।पुलिस के मुताबिक मृतक चालक की पहचान मुबारिक पुत्र इलियास अली निवासी टिमली थाना सहसपुर, देहरादून के रूप में हुई है, जबकि हेल्पर साजिद पुत्र रहमत घायल हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।मामले में मसूरी कोतवाल देवेंद्र चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चालक को नींद का झोंका आने की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।इस हादसे ने एक बार फिर पहाड़ी मार्गों पर वाहन चलाते समय सतर्कता की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की मांग की है।

**डंपर ने श्रमिक को ....**जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची भारी भीड़ ने डंपर चालक की लापरवाही के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करते हुए टायर फूंके। पुलिस बल ने जब शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया, तो प्रदर्शनकारियों ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिवार के लिए मुआवजे और डंपर मालिक को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस विरोध प्रदर्शन के कारण कांवली रोड और आसपास के क्षेत्रों में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया, जिससे स्कूली बच्चों और ऑफिस जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति को संभालने के लिए कई थानों की पुलिस फोर्स बुलानी पड़ी। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फरार डंपर चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और यातायात व्यवस्था को सामान्य करने के प्रयास जारी हैं।

**उद्यमी अनूप ...**सभी नोटिस वापस लौट आए। इसके बाद बैंक अधिकारियों ने संबंधित प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया, जहां यूनिट बंद मिली। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि कंपनी के संचालक फरार हैं और प्रतिष्ठान में कोई स्टॉक भी मौजूद नहीं है।बैंक प्रबंधन का आरोप है कि ऋण के एवज में जो स्टॉक बैंक के पास बंधक दिखाया गया था, वह भी मौके पर नहीं मिला। स्टॉक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार 25 दिसंबर 2024 तक प्रतिष्ठान में कोई स्टॉक मौजूद नहीं था। आरोप है कि बकायेदारों ने बंधक स्टॉक को खुर्द-बुर्द कर दिया और बैंक में कोई धनराशि जमा नहीं की, बल्कि पूरी रकम का व्यक्तिगत उपयोग कर लिया।पुलिस ने शाखा प्रबंधक की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**कल्याणी नदी किनारे....**चेतावनी देने के बाद भी अवैध निर्माण जारी रहा। टीम ने अवैध निर्माणाधीन भवन का गेट ध्वस्त कर दिया। और अतिक्रमणकारी को पुनः अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान अतिक्रमणकारी व्यक्ति द्वारा बार बार अतिक्रमण हटाने में एक समान नीति पर कार्य करने को कहा जा रहा था। उसका कहना था कि बस्ती में सैकड़ों अवैध घर बने होने के बाद भी सिर्फ उसी के घर को तोड़ा जा रहा है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।



E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कैबिनेट मंत्री कैड़ा ने किया तीन मोटर मार्गों के डामरीकरण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास





भीमताल (उद संवाददाता)। भीमताल विधानसभा क्षेत्र में खराब सड़कों से जूझ रहे ग्रामीणों और पर्यटकों को बड़ी राहत मिली है। कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल ब्लॉक के अंतर्गत तीन मोटर मार्गों पर डामरीकरण और सुधारीकरण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। तल्लीताल से भीमेश्वर मोटर मार्ग और चंदादेवी से हरीनगर मोटर मार्ग की हालत लंबे समय से खराब थी, जिससे ग्रामीणों, किसानों और पर्यटकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बरसात के दौरान स्थिति और अधिक खराब हो जाती थी। स्थानीय लोगों ने इन मार्गों के सुधारीकरण की मांग मंत्री से की थी।जनता की समस्याओं को देखते हुए राम सिंह कैड़ा ने तल्लीताल से भीमेश्वर मोटर मार्ग के डामरीकरण और सुधारीकरण के लिए 1 करोड़ 4 लाख, चंदादेवी से हरीनगर मोटर मार्ग के लिए 59 लाख और विनायक क्षेत्र में टाइल निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपये स्वीकृत कराए थे। कुल 1 करोड़ 68 लाख की लागत से इन कार्यों को स्वीकृति मिलने के बाद अब इनका लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है।इस अवसर पर मंत्री ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ और भीमताल ब्लॉक में क्षतिग्रस्त सड़कों के डामरीकरण का कार्य लगातार कराया जा रहा है, जिससे लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता ने मंत्री का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# रुद्रपुर की प्रतिभाओं से सजी फिल्म तेरा वो प्यार यूट्यूब पर हुई रिलीज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के लिए गर्व का क्षण है कि डिविट फिल्म्स प्रोडक्शन ने अपनी नई फिल्म "तेरा वो प्यार – ए लव दैट हॉन्ट्स" को यूट्यूब पर रिलीज कर दिया है। यह फिल्म स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस फिल्म का निर्माण डिविट फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले हुआ है जिसे तुषार वर्मा ने प्रोड्यूस किया है और उन्होंने ही फिल्म में मुख्य पुरुष भूमिका भी निभाई है। फिल्म का निर्देशन अनुग्रह अग्निहोत्री ने किया है जबकि छायांकन सोहेल आलम द्वारा किया गया है। फिल्म में रश्मि डंगवाल महिला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जो क्षेत्र की नई प्रतिभा हैं। वहीं सहायक भूमिकाओं में वरुण खुराना, रमजा खान और सनी पाल ने अभिनय किया है जिन्होंने फिल्म को और मजबूत बनाया है। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसका पूरा निर्माण, निर्देशक और कलाकार रुद्रपुर उत्तराखंड से ही हैं जो शहर के उभरते फिल्म और डिजिटल मनोरंजन क्षेत्र को दर्शाता है। यह उपलब्धि रुद्रपुर के लिए गर्व का विषय है और यह दिखाती है कि उत्तराखंड में भी ऐसे मंच तैयार हो रहे हैं जो स्थानीय कलाकारों और फिल्म निर्माताओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं। दर्शक अब इस फिल्म को यूट्यूब पर देख सकते हैं। स्थानीय फिल्म जगत से जुड़े लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कलाकारों को अपना समर्थन दिया है।




# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)।रामनगर कोतवाली पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ट्रक यूनियन के समीप एक खाली पड़े प्लॉट में छापेमारी की, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 9 किलो 334 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम कादिर निवासी मोहल्ला गूलरघट्टी रामनगर बताया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई है।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में आरएएन ने जीती ओवरऑल चैंपियनशिप

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जीडी गोयनका स्कूल में आयोजित 5वीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन करते हुए आरएएन पब्लिक स्कूल ने ओवरऑल चौंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उधम सिंह नगर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मेयर रामपाल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने पेंचक सिलाट खेल की सराहना करते हुए कहा कि यह मार्शल आर्ट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और युवाओं के बीच आत्मरक्षा एवं शारीरिक फिटनेस के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जीडी गोयनका स्कूल रुद्रपुर के निदेशक सन्नी सर, पूर्व प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष अनिल चौहान, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के पूर्व खेल अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा तथा छात्र नेता चेतन मंगत उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन की सराहना की। पेंचक सिलाट एसोसिएशन उधम सिंह नगर के सचिव आयुष चंद्र ने बताया कि प्रतियोगिता में काशीपुर, गदरपुर, नानकमत्ता, बाजपुर, रुद्रपुर, किच्छा एवं जसपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 7वीं उत्तराखंड राज्य पेंचक सिलाट चौंपियनशिप 2026, जो कि देहरादून में आयोजित की जाएगी, में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आर ए एन पब्लिक स्कूल, डिबडिबा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चौंपियनशिप अपने नाम की। पाथसीकर इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि मॉम्स प्राइड स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया।



# ऑपरेशन प्रहार में एक माह में 199 अपराधी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के नेतृत्व में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एक माह के भीतर बड़ी कार्रवाई करते हुए 199 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 55 वांछित, 2 इनामी और 142 वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जबकि 631 असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई।अभियान के दौरान 3 अप्रैल से 2 मई तक जनपद के सभी थाना और कोतवाली क्षेत्रों में लगातार चेकिंग, दबिश और सत्यापन अभियान चलाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 5711 व्यक्तियों और किरायेदारों का सत्यापन किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 783 पुलिस एक्ट के चालान किए गए।यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 1245 वाहनों के चालान किए गए और गंभीर उल्लंघन पर 150 वाहनों को सीज किया गया। इसके अलावा 17 अवैध शस्त्र भी बरामद किए गए, जिससे अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया। थानावार कार्रवाई में जसपुर क्षेत्र में 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 96 असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की गई। कुण्डा क्षेत्र में 11 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए, जबकि काशीपुर में 24 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 13 वाहनों को सीज किया गया। आईटीआई क्षेत्र में 17, बाजपुर में 15 और केलाखेड़ा क्षेत्र में 14 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई।गदरपुर क्षेत्र में 10 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए, दिनेशपुर में 3 वारंटी पकड़े गए और पंतनगर में 2 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में 24 अभियुक्तों को पकड़ा गया, जबकि रुद्रपुर क्षेत्र में 8 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 20 वाहन सीज किए गए। किच्छा क्षेत्र में 21 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 31 वाहन सीज किए गए।पुलभट्टा क्षेत्र में 6 अभियुक्त, सितारगंज में 9 और नानकमत्ता में 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। खटीमा क्षेत्र में 19 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ 186 असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की गई, जबकि झनकईया क्षेत्र में 1 वारंटी को गिरफ्तार किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि ऑपरेशन प्रहार के तहत जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। अभियान का उद्देश्य कानून व्यवस्था को मजबूत करना और आमजन में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी अपराधियों के खिलाफ इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।




# बनभूलपुरा हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की डिफॉल्ट जमानत

नई दिल्ली। उत्तराखंड के बहुचर्चित बनभूलपुरा हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपियों को मिली डिफॉल्ट जमानत रद्द कर दी है। शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें जावेद सिद्दीकी और अरशद अयूब को डिफॉल्ट बेल दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि हाईकोर्ट ने तथ्य और कानून दोनों के स्तर पर गंभीर त्रुटि की है। कोर्ट ने पाया कि जांच एजेंसी पर सुस्ती का आरोप लगाना उचित नहीं था, क्योंकि मामले की गंभीरता और व्यापकता को देखते हुए जांच तेजी से की जा रही थी। रिकॉर्ड के अनुसार, 90 दिनों के भीतर 65 गवाहों के बयान दर्ज किए

**<u>हिंसा के आरोपियों जावेद सिद्दीकी और अरशद अयूब को दो सप्ताह में सरेंडर का आदेश</u>**

गए थे, जबकि हाईकोर्ट ने इसे मात्र 12 गवाहों तक सीमित मानकर टिप्पणी की थी।यह मामला 8 फरवरी 2024 को हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में हुई हिंसा, आगजनी और सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान से जुड़ा है। घटना में पुलिस स्टेशन भवन को भी निशाना बनाया गया था और कई गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिनमें यूएपीए भी शामिल है।सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आरोपियों ने समय रहते निचली अदालत के आदेशों को चुनौती नहीं दी और काफी देरी से हाईकोर्ट का रुख किया। इस बीच जांच पूरी हो चुकी थी और चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी थी, जिससे आरोपियों का डिफॉल्ट जमानत का अधिकार समाप्त हो गया।अदालत ने दोनों आरोपियों को दो सप्ताह के भीतर ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि वे नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। इस फैसले को राज्य सरकार के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, वहीं बनभूलपुरा हिंसा मामले में न्यायिक प्रक्रिया को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।